## महत्वपूर्ण एवं खास

### अस्पताल के पास से एक्टिवा पार

**रायपुर (आरएनएस)।** बुढ़ापारा स्थित बागड़ी नर्सिंग होम के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मकरंद किशोर 42 वर्ष बावली गली तात्यापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एम 7345 को बुढ़ापारा स्थित बागड़ी नर्सिंग होम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते दो कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** गुढियारी एवं माना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले दो कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 36 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने मिनी चौक मैदान में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी ज्वाला मालेकर 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने बनरसी नहर के पास से आरोपी दुलार टोडर 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### दानीटोला में चल रहा था जिस्म का कारोबार, दिगर राज्यों की लड़कियां हिरासत में

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के दानीटोला इलाके से पुलिस ने सेक्स रैकेट का पर्दाफाश करते हुए गिरोह में शामिल चार युवतियों और चार युवक और दो महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा है। मामले में संबंधित लोगों से पूछताछ की ला रही है। प्रारंभिक जानकारी मिल रही है कि लड़कियां अन्य राज्यों से यहां बुलाई गई थी। पुलिस इन लड़कियों के सही पता-ठिकाना की जांच कर रही है, पुलिस इस बात का भी पता लगा रही है कि इन्हें यहां कौन लेकर आया था? किसके बुलाने पर लड़कियां यहां पहुंची थी। दरअसल मुखबिर की सूचना पर प्रशिक्षु डीएसपी विकेश्वरी पिंदे के नेतृत्व में कोतवाली थाना पुलिस ने दानीटोला में छापामार कार्रवाई करते हुए इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। बहरहाल पुलिस की जांच जारी है।

### मुख्यमंत्री ने स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों से की मुलाकात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रविवार यहाँ उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री साय को शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग' के शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने पदाधिकारियों को आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया तथा आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 7 जून से 16 जून तक छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष जुबीन शाह, संयुक्त सचिव जी. एस. मूर्ति, डायरेक्टर विजय शाह, राजेश दवे, विजय बजाज एवं तरुणेश परिहार भी उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल अपने ही रिकार्ड को तोड़ कर दर्ज की ऐतिहासिक जीत : हर राउंड में बनाते रहे अजेय बढ़त

**भाजपा में उत्साह, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में छाया निराशा**

दुर्ग । आरएनएस

दुर्ग लोकसभा चुनाव की मतगणना प्रक्रिया मंगलवार की सुबह 8 बजे जुनवानी स्थित शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज कैम्पस में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु हुई। मतगणना के आए प्रारंभिक रुझानों में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल अजेय बढ़त अंतिम चरण तक बनाए रखा, उन्होंने 17 वे राउंड में 864480 वोट पाकर 4 लाख से ऊपर बढ़त बनाए हुए हैं। जबकि अभी 1 लाख 50 हजार मतो की गिनती बाकी हैं। मतगणना के इन रुझानों ने कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को बड़ा झटका दिया है। जिससे भाजपा खेमे में उत्साह का माहौल है, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में फिर निराशा छा गई है। समाचार के लिखे जाने तक शाम की स्थिति तक 17 राउंड की मतगणना पूरी कर ली गई थी। कुल 22 चक्रों में मतगणना की जानी है।

भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने 2019 का पिछला लोकसभा चुनाव 3 लाख 92 हजार मतों के अंतर से जीता था। इस चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता उनके 6 लाख मतों से जीतने की उम्मीद लगा रखे हैं। मतगणना में विजय बघेल को मिल रहे भारी लीड से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल मतगणना के प्रथम राउंड से ही



कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू पर अजेय बढ़त बनाए हुए है। शाम 6 बजे की स्थिति तक 17 राउंड की गिनती पूरी की जा चुकी थी। जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को 8654480 मत मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने 465125 वोट प्राप्त किए थे। कुल 1390742 मतों की गिनती पूर्ण हो चुकी थी। लगभग 1.50 लाख मतों की गिनती और की जानी है। इस स्थिति में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल 4 लाख से अधिक मतों से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू पर बढ़त बनाए हुए हैं।

इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक लीड लिए हैं। वे दुर्ग शहर से 72 272 से जीते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में विधायक गजेन्द्र यादव ने 48 हजार मतों से बड़ी जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विजय बघेल को 72 हजार से अधिक दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में लीड मिली। विजय बघेल दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सभी 9 विधानसभाओं में सबसे ज्यादा दुर्ग शहर विधानसभा से लीड लिए हैं। जिसका पूरा श्रेय दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक गजेन्द्र यादव को जाता है। जिन्होने दुर्ग शहर में ताबड़तोड़ जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में जोरदार चुनावी माहौल बनाया था। इसी प्रकार दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मेहनत भी रंग लाई है। ललित चंद्राकर ने भी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में जमकर मेहनत की। पिछले विधानसभा चुनाव में ललित चंद्रकार की जीत की लीड जितनी नहीं थी, उससे ज्यादा विजय बघेल को वे लीड दिलाते नजर आ रहे है। विधायक ललित चंद्राकर ने चुनाव प्रचार के दौरान पहले ही घोषणा भी कर दी थी कि जितने लीड से वे विधानसभा चुनाव जीते हैं, उससे ज्यादा लीड से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जीत दिलाएंगे। मतगणना के रुझान से दुर्ग शहर और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर जमकर खुशियां मना रहे हैं। बहरहाल मतगणना की प्रक्रिया जारी है। मतगणना के अंतिम परिणाम देर शाम तक आने की उम्मीद है।

**विजय बघेल की दुसरी बार ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने बंटी मिठाई-** दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल की लगातार दूसरी बार जीत पर दुर्ग तहसील केटीन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कांशीनाथ शर्मा के नेतृत्व में मिठाई बाँटी गई एवं फटाके फोड़ कर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर पंडित काशीनाथ शर्मा, हैप्पी सिंह भाटिया, मदन मंडावी, विनय जैन, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 10 दिनों के भीतर टीबी के आए 1,520 मरीज

रायपुर । आरएनएस

स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2025 तक राज्य को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन तपेदिक (टीबी) के मरीजों की तेजी से बढ़ती संख्या ने चिंता बढ़ा दी है।

10 दिन में 1520 नए टीबी मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक साढ़े चार महीने में 14220 मरीज मिले हैं. पिछले साल करीब 38 हजार टीबी मरीज मिले थे। वहीं, अब तक 532 से ज्यादा एमडीआर (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट) मामले भी पहचाने जा चुके हैं। इसकी मृत्यु दर 60 प्रतिशत तक है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना काल के बाद से टीबी के मरीजों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसके कारणों को जानने के लिए शोध की जरूरत है।

टीबी रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह एक ऐसी बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। यह उन लोगों को जल्दी प्रभावित करता है जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। टीबी की दवा बीच में बंद नहीं की जा सकती। मरीज के वजन के अनुसार छह माह से लेकर दो साल तक की विभिन्न श्रेणियों की दवाएं दी जाती हैं। अगर दवा में गैप हो तो मरीज को दवा प्रतिरोधी टीबी हो सकती है, जो बेहद खतरनाक हो सकती है। टीबी के मरीजों को खाली पेट दवा खानी पड़ती है। यदि पाठ्यक्रमों के बीच लंबा अंतराल हो तो मरीजों का दोबारा फॉलोअप किया जाता है। केंद्र से नहीं मिल रही दवा : राज्य के सरकारी अस्पतालों में टीबी की दवा नहीं मिलने से मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ता है. फरवरी से सरकारी अस्पतालों में टीबी की दवाओं की कमी हो गई थी।

कुछ समय तक तो अस्पताल चल रहे थे, लेकिन पिछले एक माह से दवा पूरी तरह खत्म हो गयी है. रायपुर के पास भी सिर्फ एक सप्ताह की दवा बची है। टीबी मरीजों को दी जाने वाली दवा केंद्र सरकार के टीबी विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाती है, जो बंद है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि टीबी की दवा के लिए कई बार टीबी विभाग को पत्र लिखा जा चुका है। छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में दवाओं की सप्लाई नहीं हो रही है. राज्य के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को वहां से निर्देश मिलने के बाद ही जिला स्तर से दवाएं खरीदने के निर्देश दिये गये हैं.

**जनवरी से 19 मई 2024 तक मरीजों की स्थिति**

बालोद- 303, बलौदाबाजार- 451, बलरामपुर- 281, बस्तर- 524, बेमेतरा- 296, बीजापुर- 203, बिलासपुर- 1,022, दंतेवाड़ा- 267, धमतरी- 522, दुर्ग- 1,458, गरियाबंद- 7, गरियाबंदर- 125, जांजगीर- चांपा- 359, जशपुर- 418, कवर्धा- 333, कांकेर- 385, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई- 129, कोंडागांव- 260, कोरबा- 669, कोरिया- 89, महासमुंद- 553, मनेंद्रनगरीहरपुर 176, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी- 119, मुंगेली- 267, नारायणपुर- 121, रायगढ़- 759, रायपुर- 1944, राजनांदगांव- 419, सक्ती- 265, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सूरजपुर-27, सूरजपुर- 27-27 - 237।

# बृजमोहन अग्रवाल अग्रवाल ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत, तोड़ा सुनील सोनी का रिकार्ड

रायपुर । आरएनएस



रायपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे बीजेपी के बृजमोहन अग्रवाल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व सांसद सुनील सोनी के वोटो के हिसाब से जीत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस सीट पर बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ कांग्रेस के विकास उपाध्याय चुनाव मैदान में थे।

बता दें कि रायपुर लोकसभा सीट से बृजमोहन अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस के विकास उपाध्याय को 558005 वोट से करारी शिकस्त दी है। इस तरह बृजमोहन अग्रवाल ने पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के सांसद सुनील सोनी ने कांग्रेस के प्रमोद दुबे को 3 लाख 48 हजार 238 वोटों से हराकर रिकार्ड बनाया था। जो कि अब तक हुए लोकसभा चुनाव में वोटो के हिसाब से सबसी बड़ी जीत थी।

# सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

रायपुर । आरएनएस



राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने मुर्रा भट्टी मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रभाकर शर्मा 34 वर्ष, अखिलेश यादव 34 वर्ष, तेज प्रकाश पाण्डे 25 वर्ष व अक्षय सिंह 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी आकाश मसीह 31 वर्ष व पुष्पेंद्र भार्गव 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार आमानाका पुलिस ने आरोपी आशीष सैनी 38 वर्ष, बुधचंद मनहरे 45 वर्ष व आसकरण खुटे 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी नरेश साहू 23 वर्ष, गोवर्धन साहू 23 वर्ष, भगवती बघेल 39 वर्ष व मंधीर साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी अरविंद बंजारे 20 वर्ष एवं गोबरानरवापारा पुलिस ने आरोपी ओमकार साहू 23 वर्ष व भुवन साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी हेमसिंह यदु 29 वर्ष व सतीश यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# चक्रधरपुर मंडल में एनएचएस लॉचिंग रद्द : निर्धारित समय पर चलेंगी यात्री ट्रेनें

रायपुर । आरएनएस

चक्रधरपुर मंडल में एनएचएस लांचिंग हेतु ब्लॉक कार्य को रद्द कर इस कार्य के कारण रद्द की गई और प्रभावित होने वाली सभी गाडिय़ों को रिस्टोर कर दिया गया है। अत: उक्त प्रेस नोट में उल्लेखित सभी गाडिय़ां अपने निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चलेगी।



**रदद होने वाली गाडियां जो पुन: चलेंगी :-**

1) टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस, टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।

एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस, योग नगरी ऋषिकेश से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18478 एक्सप्रेस, सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस, हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस अपने पुराने समयानुसार ही संचालित होंगी।

# आईपीएस जीपी सिंह की जल्द होगी पोस्टिंग, राज्य शासन ने दी हरी झंडी, कैट के फैसले के बाद हो रही जाइनिंग

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के चर्चित आईपीएस जीपी सिंह को एक बार राज्य सरकार पोस्टिंग देने जा रही है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एडीजी रैंक के आईपीएस जीपी सिंह को फोर्सली रिटायर करने की सिफारिश भारत सरकार से की थी। सर्विस रिव्यू कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र ने जीपी सिंह को रिटायर कर दिया था।

जिसके बाद जीपी सिंह ने इस तर्क के साथ कैट की शरण ली थी कि, भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज ना करने पर राज्य सरकार ने बदले की भावना के तहत कार्रवाई की थी। कैट ने इस पर जीपी सिंह को चार हफ्ते के भीतर उन्हें ज्वाईन कराने का आदेश दिया था। उन्हें राज्य रिव्यू कमेटी की अनुशंसा पर भारत सरकार ने रिटायर किया था। आईपीएस अफसरों की सर्विस मैटर केंद्रीय गृह मंत्रालय में आता है। इसलिए रिटायरमेंट की कार्रवाई गृह मंत्रालय ने किया और अब फिर से पोस्टिंग भी वहीं से होगी।

**साय सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह की बहाली को दी मंजूरी -** कैट के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह की बहाली की अपनी तरफ से हरी झंडी दे दी है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता से इस बारे में उनकी राय मांगी थी। बताते हैं, महाधिवक्ता ने अपनी टीप में लिखा है कि, इस केस में कैट के फैसले के खिलाफ अपील करने का कोई तुक नहीं है। महाधिवक्ता की टिप्पणी के साथ राज्य सरकार ने फाइल पिछले सप्ताह भारत सरकार को भेज दिया। चूकि, आईपीएस का मसला मिनिस्ट्री ऑफ होम में आता है और इसी ने फोर्सली रिटायमेंट की कार्रवाई की थी। सो, पोस्टिंग का आदेश भी यही विभाग निकालेगा।

**15 दिन चीजें होंगी व्यवस्थित -** राज्य सरकार नियमानुसार उसका पालन करेगी। हालांकि, भारत सरकार में इस पर थोड़ा वक्त लग सकता है कि केंद्र के लिए यह समय अति व्यस्तता वाला है। 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद 15 दिन चीजें व्यवस्थित होने में लगेगी। फिर भी यह माना जा रहा कि जून में जीपी सिंह की पुलिस महकमे में वापसी हो जाएगी। हालांकि, पुलिस महकमे में लोग एक कदम आगे जाकर जीपी की पोस्टिंग पर अटकलें शुरू हो गई हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# निजात अभियान के चलते नशे के विरुद्ध हुई लगातार कार्यवाही

रायपुर । आरएनएस

निजात अभियान के तहत चार महीने में पिछले सालों की इसी अवधि की तुलना में आईपीसी के कुल अपराधों में 7 फीसदी की कमी देखने को मिली है। मारपीट में 5त्न, हत्या के प्रयास में 22 त्न, चाकूबाजी में 31त्न छेड़छाड़ में 23त्न और चोरी में 5त्न की कमी आई है।

इसके अलावा एनडीपीएस और आबकारी ने ताबड़तोड़ कार्यवाही में कुल 3,157 प्रकरणों में 3,241 व्यक्ति पर कार्रवाई की है। जिसमें गैर-जमानतीय प्रकरणों में 378 आरोपी जेल गए और 6,176 लीटर शराब जप्त कई गई है।

**341 कार्यक्रम चलाए गए**

नशे के विरुद्ध जन जागरुकता बढ़ाने के लिए 341 कार्यक्रम चलाए गए हैं। थानों में नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग भी की जा रही है। इस साल फरवरी महीने से डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देशन में आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान निजात चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में रायपुर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ तरीके से कार्यवाही व व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए गए है।

एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि, कुल अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। जो एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी कार्रवाई की जा रही है। निजात अभियान के दौरान शराब-विरोधी आबकारी एक्ट और ड्रग एनडीपीएस के 3,157 प्रकरणों में 3,241 व्यक्तियों पर कार्यवाहियां की गई है। जिसमें से गैर-जमानतीय प्रकरणों में 378 आरोपी जेल गए हुए हैं। 6,176 लीटर शराब, गांजा 949 किलो, एमएएमडी 4.5 ग्राम, हीरोइन 20 ग्राम, अफीम 161 ग्राम, टैबलेट 10,336 और अन्य नशीली वस्तुएं जप्त हुई है। आबकारी में गिरफ्तार लोगों में बड़ी संख्या सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन कर हुडदंग करने वाले लोग हैं। इन कार्यवाहियों से अपराधियों में दहशत हुई हैं।

पिछले चार महीने में तंबाकू-विरोधी कोटपा एक्ट के तहत 1,141 लोगों पर कार्रवाई हुई है। नशा में गाड़ी चलाने वाले 983 लोगों पर एमवी एक्ट के कार्यवाही करते हुए प्रत्येक प्रकरण को कोर्ट भेजा गया, जहां हर एक ऐसे चालक पर दस-दस हजार रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। 2023 में पूरे वर्ष में कोटपा में 30 व्यक्ति और 185 एमवी एक्ट में 610 प्रकरण हुए थे।

**स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक जगहों पर कार्रवाई हुई -** नशे के विरुद्ध जनजागरुकता के तहत लोगों के सहयोग से स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक जगहों पर 341 कार्यक्रम किए गए हैं और नशे के आदी सैकड़ों लोगों की लिस्टिंग कर उनकी विभिन्न संस्थाओं की मदद थानों में काउंसलिंग की जा रही है।